**कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक:- 22.09.2023**

**थाना लक्सा पुलिस टीम द्वारा महिला के खोये हुए पर्स को उसे वापस किया गया।**

दिनांक 22.09.2023 को फैंटम -17 क्षेत्र में भ्रमणशील थी उसी समय फैंटम कर्मचारियों को लावारिस हालत में पड़ा एक पर्स मिला जिसे फैंटम-17 द्वारा थाना लक्सा पर लाकर दिया गया जिसे खोल कर देखा गया तो उसमें एक आधार कार्ड प्रियंका अग्निहोत्री पत्नी विजेन्द्र अग्निहोत्री निवासी डी 55/130 औरंगाबाद वाराणसी मिला। जिसका निवास स्थान देखकर प्रभारी निरीक्षक महोदय से वार्ता व आदेश के क्रम में हे0मु0 कपिल देव सोनकर द्वारा आधार कार्ड के पते डी 55/130 औरंगाबाद वाराणसी फैंटम-17 भेज कर महिला व उसके परिवार वालो को बुलाया गया। महिला अपनें बेटे के साथ उपस्थित थाना आई है, जिन्हे हे0मु0 कपिल देव सोनकर द्वारा उनका पर्स वापस किया गया। जिसे महिला नें खोलकर देखा तो बताया कि उसकी पर्स में 2050 रूपये, आधार कार्ड, बैंक के डेबिट कार्ड मौजूद है। महिला द्वारा बताया गया कि उसकी पर्स में जो कुछ भी था वह उसमें मौजूद है। महिला द्वारा पुलिस टीम की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी गयी।

**बरामदगी का विवरण:-** हैण्ड पर्स मय 2050 रूपये, बैंक डेबिट कार्ड , आधार कार्ड ।

**टीम:-**

1. कां0 1736 पंकज कुमार थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी
2. हो0गा0 श्रीपति थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**कार्यालय पुलिस उपायुक्त,**
**जोन-काशी, कमिश्नरेट वाराणसी।**